Seventeenth Loksabha

>

Title: Issue related to the bad condition of Bhagalpur flyover and also construct four lane road from Devariya to Rewati Manjhi Ghat in Salempur.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कुशवाहा जी,जल्दी उठा करो नहीं तो समय खत्म हो जाएगा ।

श्री रविन्दर कुशवाहा : सर, हमारे पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर से लेकर देवरिया होते हुए, बलिया की सड़क की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं । चूंकि यह सड़क गोरखपुर से सलेमपुर तक स्टेट हाई वे में फोर लेन की बन गई है लेकिन सलेमपुर से आगे की सड़क को फोर लेन में बलिया तक तबदील करना था, उसके लिए मैंने सड़क परिवहन मंत्री आदरणीय नितिन गडकरी जी से अनुरोध किया था । इस सड़क के बीच में भागलपुर का एक पुल आता है, जो लगातार क्षतिग्रस्त होता रहता है और यह सड़क बलिया और देवरिया के बीच में लाइफ लाइन की तरह काम करती है । यह सड़क इतनी क्षतिग्रस्त हो गई है और इतनी टूट गई है जिसकी वजह से आवागमन में बहुत असुविधा हो रही है । मैं इस माननीय सदन के माध्यम से कहना चाहूंगा कि जो क्षतिग्रस्त सड़क है, वह बने और देवरिया से लेकर सलेमपुर होते हुए, वहां के रेवती मांझी घाट तक फोर लेन सड़क बनाने का काम सरकार द्वारा किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सी.पी.जोशी और श्री कुलदीप राय शर्मा जी को श्री रविन्दर कुशवाहा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।